## संपादकीय

# ढीला न पड़े अर्थतंत्र

देश में कोरोना वायरस से निपटने की तैयारी हर स्तर पर चल रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था को इसके असर से बचाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने कई कदम उठाए हैं। सोमवार को उसने लांग टर्म रेपो ऑपरेशन (एलटीआरओ) का दायरा बढ़ाने का फैसला किया। एलटीआरओ एक ऐसी व्यवस्था है जिसके तहत रिजर्व बैंक विभिन्न बैंकों को एक से तीन साल के लिए वर्तमान रेपो रेट (5.15 प्रतिशत) पर कर्ज उपलब्ध कराता है। बदले में बैंक कोलेटरल के तौर पर अपने पास मौजूद पब्लिक सिक्युरिटीज यानी सरकारी बॉन्ड रिजर्व बैंक के पास गिरवी रखते हैं। इस कदम का उद्देश्य बैंकों को अपनी ब्याज दरें घटाने के लिए प्रेरित करना है।

इसके पहले रिजर्व बैंक चार बार, 17 फरवरी, 24 फरवरी, 1 मार्च और 9 मार्च को एलटीआरओ का संचालन कर चुका है। इस सस्ते फंड के बल पर बैंकों ने अगर अपना कर्ज सस्ता किया तो बाजार में कुछ गति आ सकती है। आरबीआई गवर्नर शक्ति कांत दास ने कहा कि नए एलटीआरओ के जरिए कई हिस्सों में एक लाख करोड़ रुपये सिस्टम में डाले जाएंगे। इसके अलावा आरबीआई ने छह महीने तक दो अरब डॉलर की खरीद-बि ी करने का फैसला किया है, जिसका मकसद देश के विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में तरलता बनाए रखना और डॉलर की जरूरतों को आसान बनाना है।

डॉलर के मुकाबले रुपये में जो तेज गिरावट देखी जा रही है, उस पर आरबीआई के इस कदम से कुछ लगाम लगेगी। शक्ति कांत दास के मुताबिक देश के कई हिस्सों में नीलामी के जरिए डॉलर की खरीद-बि ी (स्वैप) की जाएगी। कोरोना वायरस से इंडस्ट्री पर पड़ने वाले असर को कम करने के लिए सरकार ने सेक्टोरल पैकेज की तैयारी शुरू की है। सरकार अलग-अलग सेक्टरों के लिए खास योजनाएं बनाएगी। इसके लिए प्रधानमंत्री कार्यालय, वित्त मंत्रालय, उद्योग मंत्रालय और नीति आयोग के बीच कई दौर की बैठकें हो चुकी हैं। कुछ क्षेत्रों पर खास फोकस किया जाएगा, जैसे फार्मा इंडस्ट्री। दवा कंपनियां अपना 75 फीसदी कच्चा माल (एपीआई) बाहर से मंगाती हैं।

सरकार इसकी उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए नई कंपनियां लगाने वालों को विशेष रियायत देगी। इलेक्ट्रॉनिक कम्पोनेंट बनाने वाली कंपनियों पर भी सरकार की नजर है। उनके लिए तीन स्कीमें सरकार ने तैयार की हैं। एक्सपोर्ट-इंपोर्ट सेक्टर के लिए भी सरकार खास तैयारी कर रही है जिसमें कपड़ा, चमड़ा और केमिकल्स के एक्सपोर्ट पर ज्यादा जोर रहेगा। सरकार ने चाइना वन प्लस पॉलिसी भी बनाई है। इसके तहत चीन में उत्पादन करने वाली कंपनियों को भारत में काम शुरू करने पर विशेष रियायत दी जाएगी। सरकार को ध्यान रखना होगा कि मौजूदा संकट से लोगों की नौकरियां न जाएं। सर्विस सेक्टर पर खास तौर से नजर बनाए रखने की जरूरत है क्योंकि कोरोना वायरस के प्रसार से सबसे ज्यादा संकट उसी पर आया है।

# संकट में आईपीएल 2020, धोनी का कमबैक भी है बड़े संकट में

**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी लगातार अपने पांव पसार रही है। दुनियाभर में खेलों के टूर्नमेंट या तो रद्द हो रहे हैं या तो स्थगित हो रहे हैं। कुछ ऐसा ही संकट इंडियन प्रीमियर लीग पर दिखाई दे रहा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इस टूर्नमेंट को 29 मार्च से 15 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया है। तमाम चर्चाओं के बीच फिलहाल आईपीएल पर कोई रास्ता बनता नहीं दिख रहा है।

अगर यह टूर्नमेंट नहीं होता है और ऑस्ट्रेलिया में होने वाला टी-20 वर्ल्ड कप आयोजित होता है तो सवाल उठता है कि पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी का क्या होगा? क्या उनकी टीम इंडिया में वापसी होगी या नहीं?



दरअसल, दुनियाभर के क्रिकेट फैन्स की निगाहें धोनी की वापसी के लिए आईपीएल पर लगी थीं। कप्तान विराट कोहली और कोच रवि शास्त्री ने भी कहा था कि धोनी की वापसी पर आईपीएल तक इंतजार करना चाहिए। दूसरी ओर, वीरेंदर सहवाग ने कहा था कि अब टीम में बदलाव की जरूरत नहीं है। शास्त्री ने अपने बयान में कहा था, 'धोनी खुद को टीम पर नहीं थोपते। धोनी निश्चित रूप से आईपीएल में खेलेंगे। इसके बाद हम देखेंगे कि धोनी का शरीर किस तरह उनका साथ दे रहा है। अगर वह अच्छा करेंगे तो वह टीम में वापसी कर सकते हैं।'

रवि शास्त्री ने कहा था, यह निर्भर करता है कि वह कब खेलना शुरू करते हैं और आईपीएल में कैसा खेलते हैं। वहीं दूसरे खिलाड़ी विकेटकीपिंग में क्या कर रहे हैं और धोनी के मुकाबले उनकी फॉर्म क्या है। आईपीएल बड़ा टूर्नमेंट होगा क्योंकि आपके लगभग 15 खिलाड़ी तय हो चुके होंगे। कुछ ऐसा ही बयान विराट का भी था। भारतीय टीम आईसीसी विश्व कप 2019 जीतने की प्रबल दावेदार मानी जा रही थी लेकिन सेमीफाइनल मैच में 15 मिनट में कहानी बदल गई। धोनी के रन आउट होने के बाद भारत को न्यूजीलैंड से हार झेलनी पड़ी। इसके बाद से धोनी इंटरनैशनल क्रिकेट से दूर हैं। हाल ही में चेन्नै में आयोजित चेन्नै सुपर किंग्स के कैंप से जुड़े थे, लेकिन आईपीएल स्थगित होने के बाद कैंप को खत्म कर दिया गया और धोनी सहित सभी खिलाड़ी अपने-अपने घर लौट गए।

# सेंसेक्स 2000 अंक टूटा, निफ्टी 8 हजार के नीचे

**मुंबई (आरएनएस)।** कोरोना वायरस की वजह से भारतीय शेयर बाजार के लिए गुरुवार का दिन भी डरावना साबित होता दिख रहा है।



दरअसल, शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 1600 अंक लुढ़क गया तो वहीं निफ्टी में भी 300 अंक से अधिक की गिरावट रही। कुछ मिनटों में ही सेंसेक्स की ये गिरावट 2000 अंक तक पहुंच गई और यह 26 हजार अंक के नीचे आ गया। अगर निफ्टी की बात करें तो ये 575 के नुकसान के साथ 7,890 अंक पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स के जिन शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट दिख रही है, उनमें एचसीएल टेक, बजाज फाइनैंस, इंडसइंड बैंक, कोटक बैंक और महिंद्रा ऐंड महिंद्रा सबसे आगे हैं। इस हफ्ते अब तक सेंसेक्स 5000 अंक से अधिक टूट चुका है। वहीं निफ्टी की बात करें तो ये 1500 अंक से अधिक लुढ़का है।

बता दें कि बुधवार को सेंसेक्स 1709.58 अंक यानी 5.59 फीसदी लुढ़क कर 28,869.51 अंक पर बंद हुआ। अगर निफ्टी की बात करें तो ये 425.55 अंक या 4.75त्न की गिरावट के साथ 8,541.50 अंक पर रहा। इससे पहले, मंगलवार को भारी उतार-चढ़ाव के बाद भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली लौट आई और सेंसेक्स-निफ्टी बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए. कारोबार के अंत में सेंसेक्स 810.98 अंक यानी करीब 2.58 फीसदी लुढ़क कर 30,579.09 अंक पर बंद हुआ।

## डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा में 70 पैसे की गिरावट, 74.96 पर पहुंचा रुपया

**मुंबई (आरएनएस)।** दुनियाभर में फैले कोरोना वायरस के चलते हर जगह कोहराम का माहौल है। शेयर बाजार धड़ाम हो रहे हैं, कच्चा तेल फिसल रहा है, सोने के भाव घट रहे हैं और आज रुपया दोपहर के कारोबार में ऑल टाइम लो पर पहुंच गया।




अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 90 पैसे से ज्यादा टूटकर 75.16 के स्तर पर देखा गया। आज शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 70 पैसे लुढ़ककर 74.96 के स्तर पर देखा गया था। देश में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों और अर्थव्यवस्था पर इसके असर के मद्देनजर विदेशी निवेशक शेयर बाजार में बिकवाली कर रहे हैं, जिसका असर रुपये पर देखने को मिल रहा है। शेयर बाजार में तेज गिरावट और विदेशी फंडों के लगातार बाहर जाने से कारोबारियों की चिंता और बढ़ी गई है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत पर लगा ब्रेक

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पेट्रोल-डीजल के दाम में आज लगातार तीसरे दिन कोई बदलाव नहीं हुआ है. दुनिया भर में कोरोना वायरस कहर बरपा रहा है. शेयर बाजार में हाहाकार मचा हुआ है. कच्चे तेल की मांग दिनों दिन घटती जा रही है. जिसके चलते पेट्रोल-डीजल की कीमतों में गिरावट बनी हुई है. बता दें कि तेल कंपनियां रोजाना सुबह 6 बजे से पेट्रोल रेट और डीजल रेट में संशोधन करती हैं, और जारी करती हैं।

## कोरोना को हल्के में ले रहा आईओसी और जापान, ओलिंपिक तय समय पर कराने पर अड़े

**लुसाने।** कोरोना महामारी के दुनियाभर में रोजाना बढ़ते कहर के बावजूद इंटरनैशनल ओलिंपिक्स कमिटी (आईओसी) के आयोजक इस बात पर लगभग अड़े हुए हैं कि तोक्यो-2020 के ग्रीष्मकालीन ओलिंपिक्स अपने नियत समय पर होकर रहेंगे। इस बीच हालांकि यूरोपियन फुटबॉल टूर्नमेंट (यूरो-2020), फॉर्म्युला वन ऑटो रेसिंग तथा अमेरिका में प्रफेशनल व कॉलेजिएट बास्केटबॉल जैसी अहम खेल प्रतियोगिताएं रद्द की जा चुकी हैं, लेकिन आईओसी अडिग है। इसके अलावा जापानी पीएम शिंजो आबे ने भी संकल्प जताया है कि जापान संक्रमण से पार पाकर ओलिंपिक्स का आयोजन बिना किसी समस्या के करेगा।



भले ही आईओसी तथा जापान सरकार खतरे को कमतर दिखाकर आयोजन पर आमादा हों, लेकिन जो परिस्थितियां बन रही हैं उनमें खेलों की इस विश्व संस्था पर इसे रद्द करने का दबाव बढ़ता जा रहा है। खुद टॉप ऐथलीटों द्वारा ही विरोध शुरू हो गए हैं और आईओसी पर खिलाड़ियों के स्वास्थ्य व कुशलता को जोखिम में डालने के आरोप लगने लगे हैं। एक रोज पहले ही कोरोना से सबसे ज्यादा प्रभावित देशों में से एक इटली के अनुरोध पर यूएफा (यूरोपियन फुटबॉल चैंपियनशिप) यूरो-2020 को अगले साल तक टाल दिया गया।

# मुश्किल में पड़ीं दुती चंद, ओलिंपिक खेलने की उम्मीदों को लगा झटका

**नई दिल्ली।** भारत की फर्राटा चीन दुती चंद के लिए ओलिंपिक्स का टिकट कटाना मुश्किल हो गया है।क्योंकि कोविड-19 महामारी के कारण वह जर्मनी में अभ्यास और प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले पा रही हैं।

दुती को जर्मनी में दो मार्च से ओलिंपिक्स चॉलिफायर्स में भाग लेना था, लेकिन वीजा और प्रायोजन मिलने के बावजूद वह कोरोना वायरस के कारण नहीं जा सकीं। दुती ने कहा, 'मुझे जर्मनी में दो मार्च से प्रतिस्पर्धा में भाग लेना था। मुझे यूरोप में कुछ अच्छी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना था ताकि ओलिंपिक्स के लिए क्वॉलिफाइ कर सकूं लेकिन कोरोना वायरस के कारण मेरी योजनाओं पर पानी फिर गया।



उन्होंने कहा, मैंने वीजा और बाकी यात्रा दस्तावेज बना लिए थे और मैं जर्मनी जाने को तैयार थी कि मुझे वहां से संदेश मिला कि कोरोना वायरस के कारण मैं वहां नहीं आऊं। मैं बहुत निराश हूं।'

## रिकी पॉन्टिंग को 13 वर्ष बाद भी नहीं भूला मंकीगेट कांड, कहा- मेरी कप्तानी का सबसे बुरा दौर

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पॉन्टिंगने कहा है कि मंकीगेट मामला उनकी कप्तानी का सबसे बुरा पल था। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 2007-2008 बॉर्डर-गावस्कर में सिडनी टेस्ट के दौरान आस्ट्रेलिया के एंड्रयू साइमंड्स और भारत के हरभजन सिंह आपस में भिड़ गए थे और आरोप था कि हरभजन ने साइमंड्स को मंकी यानि बंदर कहा है। हरभजन ने हालांकि इस बात से इनकार किया था। पॉन्टिंग ने कहा, 'मंकीगेट शायद मेरी कप्तानी का सबसे बुरा पल था। 2005 में एशेज सीरीज हारना भी निराशाजनक था लेकिन मैं उस समय पूरे नियंत्रण में था, लेकिन मंकीगेट के दौरान जो हुआ उस समय मैं अपने नियंत्रण में नहीं था। वह बुरा पल था, इसलिए भी क्योंकि वह काफी लंबा खिंचा था।



## आज का राशिफल

मेषः काम की अधिकता के चलते पारिवारिक उपेक्षा न करें। जीविका के क्षेत्र में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे।

वृषभः आज धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परीक्षा की दिशा में किया गया श्रम सार्थक होगा।

मिथुनः आज मकर राशि का चंद्रमा आपके परा म की वृद्धि कर रहा है। धन-ऐश्वर्य वृद्धि से शत्रु ईर्ष्या करेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा।

कर्कः आज व्यावसायिक योजना को बल मिलेगा। हालांकि कार्यक्षेत्र में कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता है।

सिंहः गृहोपयोगी वस्तुओं की खरीदारी में वृद्धि होगी। अधीनस्थ कर्मचारी या किसी रिश्तेदार के कारण तनाव मिल सकता है।

कन्याः आज आपकी राशि से चतुर्थ केतु, गुरू योग बना हुआ है। अतः आप कुछ विशेष कर दिखाने की उधेड़बुन में रहेंगे।

तुलाः राशि पर चतुर्थ घर का चंद्रमा तृतीय भाव में केतु गुरु आज आपके पुरूषार्थ और परा म की वृद्धि करेगा।

वृश्चिकः व्यावसायिक दिशा में सफलता मिलेगी। अनावश्यक व्यय का सामना करना पड़ सकता है।

धनुः आपकी राशि का स्वामी बृहस्पति उच्च पद पर मार्गी है अतः गुप्त शत्रु से सावधान रहें। आर्थिक दिशा में सफलता मिलेगी।

मकरः आपकी राशि पर प्रथम शनि शु  का प्रभाव है। द्वादश भाव में गुरु विवेकपूर्ण कार्य संपादन में मदद करेगा।

कुंभः राजनैतिक दिशा में किए गए प्रयास फलीभूत होंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिल सकता है।

मीनः आज आपकी राशि से चंद्रमा एकादश राज्य विजय कारक है। पुराने झगड़े- झंझटों से मुक्ति मिलेगी।

# आयुष्मान खुराना के साथ ऐक्शन थ्रिलर बनाने जा रहे अनुभव सिन्हा

ऐक्टर आयुष्मान खुराना एक बार फिर डायरेक्टर अनुभव सिन्हा के साथ काम करने जा रहे हैं। इस ऐक्शन थ्रिलर का नाम अभी क्लियर नहीं है लेकिन यह इसी साल 16 अक्टूबर को रिलीज होगी।

बता दें, इससे पहले आयुष्मान के साथ अनुभव सिन्हा ने आर्टिकल 15 में काम किया था जिसे फैंस और क्रिटिक्स ने काफी पसंद किया था।



अनुभव की आखिरी फिल्म तापसी पन्नू स्टारर थप्पड़ थी। फिल्म को क्रिटिक्स से पॉजिटिव रिव्यूज मिले थे और इसने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा बिजनस किया। वहीं, आयुष्मान का आखिरी प्रॉजेक्ट शुभ मंगल ज्यादा सावधान था जिसमें उन्होंने एक गे शख्स का रोल प्ले किया। फिल्म को मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिली थीं और इसने करीब 70 करोड़ की कमाई की।अनुभव की फिल्म के बाद आयुष्मान के लिए 2020 काफी इंट्रेस्टिंग हो गया है।

## करिश्मा की बेटी समायरा ने किया एक्टिंग डेब्यू



बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर की बेटी समायरा कपूर ने एक्टिंग डब्यू कर लिया है। करिश्मा कपूर की बेटी समायरा कपूर ने अपना एक्टिंग में डेब्यू कर दिया है। समायरा कपूर ने शॉर्ट फिल्म दौड़ से एक्टिंग की शुरुआत की है। फिल्म को चंकी पांडे की बेटी रीसा पांडे ने डायरेक्ट किया है। करिश्मा की बेटी समायरा के साथ संजय कपूर के छोटे बेटे जहान कपूर ने भी एक्टिंग डेब्यू किया है। चंकी पांडे ने इस फिल्म को प्रोड्यूस किया है। करीब साढ़े सात मिनट की शॉर्ट फिल्म दौड़ मुंबई की एक गरीब घर की बेटी मीरा की मुख्य भूमिका वाली कहानी है। मीरा मुंबई की लोकल में पेंसिंल बेचा करती है। लेकिन अचानक एक दिन बड़े घर के बच्चों के स्टेडियम दौड़ता देख उसको भी भागने का मन होता है। बड़े घर के बच्चों में तीन प्रमुख भूमिकाएं हैं।

## फूल और कांटे का रीमेक बनायेंगे अजय

बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन अपनी सुपरहिट फिल्म फूल और कांटे का रीमेक बनाना चाहते हैं।



अयज देवगन ने वर्ष 1991 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म फूल और कांटे से बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत की थी। बॉलीवुड में इन दिनों रीमेक फिल्मों का चलन जोरों पर है। अजय देवगन से पूछा गया कि वह अपनी किसी एक फिल्म का रीमेक बनाना चाहेंगे। अजय ने 'फूल और कांटे' का नाम लिया है।

अजय देवगन का कहना है कि मैं फूल और कांटे को प्रोड्यूस करना चाहूंगा। इसे किस तरह से पेश किया जाएगा वो मैंने सोच रखा है। मैं इसे नए चेहरे के साथ बनाऊंगा। प्रस्तुतिकरण अलग हो सकता है, लेकिन इमोशन वैसा ही होगा।

# आसानी से बनने वाली टेस्टी डिश है कॉर्न पकौड़ा

### सामग्री :-

भुट्टा- 4, कॉर्नफ्लोर- 2-3 टेबलस्पून, हरा धनिया- 2 टेबलस्पून (बारीक कटा), अदरक का पेस्ट- 1 छोटी टीस्पून, हरी मिर्च- 2 (बारीक कटी), धनिया पाउडर- आधा टीस्पून, लाल मिर्च पाउडर-आधा टीस्पून, नमक स्वादानुसार, तेल-फ्राई करने के लिए।

### विधि :-

भुट्टे के पकोड़े बनाने के लिए भुट्टे को कद्दूकस कर लें। अब पकौड़े का बैटर बनाने के लिए एक बाउल में भुट्टे का पल्प, कॉर्नफ्लोर,धनिया पाउडर, अदरक का पेस्ट, हरी मिर्च, लाल मिर्च पाउडर, नमक और हरा धनिया डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। बैटर अगर थोड़ा गाढ़ा लग रहा हो तो इसमें 1-2 टेबलस्पून पानी डालकर




मिक्स कर लें। अब पकौड़े तलने के लिए एक कड़ाही में तेल गरम करें। जब तेल गर्म हो जाए तब इसमें चम्मच या हाथ से बैटर डालें। कड़ाही में एक बार में 6-7 पकौड़े डालें ताकि सभी पकौडें अच्छे से फ्राई हो सकें।

सभी पकौड़ों को पलट-पलट कर गोल्डन ब्राउन और क्रिस्पी होने तक डिप फ्राई कर लें। पकौड़ों को प्लेट में बिछे नैपकिन पेपर पर निकालें और मनपसंद चटनी के साथ सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 66

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कोनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 65 का हल**



## सू-दोकू- 66

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.65 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |